क्या मांगो जो रहे हमेशा

क्या मांगो जो रहे हमेशा
इस जीवन का क्या है भरोसा,

आखो में बस तेरी तस्वीर हो,
ऐसी कन्हियाँ मेरी तकदीर हो,
क्या मांगो जो रहे हमेशा...

बड़े बड़े धनवानों का सब कुछ यही पे छूट गया,
यु लगता जैसे कोई अपना ही उन्हें लूट गया,
तेरा नाम ही मेरी जागीर हो,
ऐसी कन्हैया मेरी तकदीर हो,
क्या मांगो जो रहे हमेशा.....

तेरी यारी छोड़ के दुनिया झूठे मीत बनाती है,
संकट का जब वक़्त है आता याद तुम्हारी आती है,
हाथो में तुमसे मिलने की लकीर हो,
ऐसी कन्हैया मेरी तकदीर हो,
क्या मांगो जो रहे हमेशा.....

सेवा अपनी देकर तूने मान दिया इंसान को,
भूल नहीं सकता है रोमी तेरे इस एहसान को,
अंत समय में यमुना जी का तीर हो,
ऐसी कन्हैया मेरी तकदीर हो,
क्या मांगो जो रहे हमेशा.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/5787/title/kya-maangu-jo-rahe-hamesha-is-jeewan-ka-kya-hai-bharosa

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |